# शिकायतों पर जिले में अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापे

## आंवला, नवाबगंज व मीरगंज एसडीएम टीम के साथ पहुंचे, कई जगह कर्मी नहीं दिखा सके दस्तावेज, मिलीं तमाम कमियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शिकायतों पर आंवला, नवाबगंज व मीरगंज एसडीएम ने क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर छापेमारी की। इस दौरान तमाम कमियां मिलीं। क्योलड़िया और शीशगढ़ में मौके पर कर्मी पंजीयन संबंधी दस्तावेज नहीं दिखा सके। शीशगढ़ में दो सेंटर बंद मिले। मामले में प्रभारी चिकित्साधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। छापे से अल्ट्रासाउंड केंद्रों संचालकों में दिनभर हड़कंप का माहौल बना रहा।

**शीशगढ़, अमृत विचार :** कमिश्नर व डीएम के निर्देश पर शुक्रवार को एसडीएम मीरगंज आलोक कुमार ने कस्बे में पांच अल्ट्रासाउंड सेंटरों का निरीक्षण किया। श्रद्धा केयर और मां अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद पाए गए। श्री राम गंगा अल्ट्रासाउंड सेंटर पर एक टेक्नीशियन अल्ट्रासाउंड करते हुए पाया गया। ओम लाइक अल्ट्रासाउंड पर रेडियोलॉजिस्ट एमयू खान अनुपस्थित मिले। बताया गया कि वह नमाज पढ़ने गए थे। इस संबंध में एसडीएम आलोक कुमार ने बताया कि संबंधितों को बिना रेडियोलॉजिस्ट व पंजीकरण के अल्ट्रासाउंड न करने की हिदायत दी गई है। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी।


सिरौली क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण करतीं एसडीएम।


शीशगढ़ में अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण करते एसडीएम ।

### रेडियोलॉजिस्ट मौके पर नहीं मिले

**सिरौली, अमृत विचार :** एसडीएम विदुषी सिंह ने कस्बे में न्यू फैमिली, माधव प्रिया अल्ट्रासाउंड सेंटर व अलीगंज में भारत अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टर/ रेडियोलॉजिस्ट उपस्थित नहीं मिले। जांच रिपोर्ट आला अफसरों को भेजी गई है।

### प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दिए कार्रवाई के निर्देश, सेंटर संचालकों में मचा रहा हड़कंप

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** एसडीएम निधि शुक्ला ने क्योलड़िया के हिंद अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया। मौके पर स्टाफ अल्ट्रासाउंड सेंटर संबंधी कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। इसके बाद उन्होंने बरेली अल्ट्रासाउंड केंद्र का निरीक्षण किया। यहां भी जिम्मेदार कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। एसडीएम ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। चिकित्सा प्रभारी डॉ मुगीश ने बताया कि अल्ट्रासाउंड सेंटर पर रजिस्ट्रेशन संबंधी दस्तावेज नहीं मिले। एसडीएम ने संबंधित सेंटरों के संचालकों से दस्तावेजों के साथ पेश होने के निर्देश दिए हैं।



# छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश, आरोपी को भेजा जेल

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एक युवक ने छात्रा के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 6 में पढ़ने वाली छात्रा गुरुवार दोपहर स्कूल से घर लौट रही थी। जैसे ही वह गांव में धार्मिक स्थल के पास पहुंची, आरोप है कि तभी गांव के ही नन्हे लाल ने उसे पकड़ लिया और अंदर खींच ले गया। आरोप है कि वहां आरोपी ने छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। छात्रा ने शोर मचाया और आरोपी के हाथ में दांत से काट लिया, जिससे वह किसी तरह खुद को छुड़ाकर घर पहुंचने में सफल रही। पीड़िता के परिजनों के मुताबिक आरोपी घटना के बाद उनके घर भी पहुंच गया और मां-बेटी को जान से मारने की धमकी दी। छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया।

# आईस्क्रीम विक्रेता से मारपीट, ठेला पलटा

संवाददाता, हाफिजगंज

**अमृत विचार :** गांव रिछौला किफायतुल्ला निवासी अशफाक फेरी लगाकर आईस्क्रीम बेचते हैं। शुक्रवार दोपहर वह हाफिजगंज क्षेत्र के एक गांव में आईस्क्रीम बेचने गए थे। इसी दौरान एक व्यक्ति उनके पास आया और बातचीत करने लगा। आरोप है कि कुछ ही देर बाद वह व्यक्ति अचानक आक्रामक हो गया और बिना किसी कारण बेल्ट से अशफाक की पिटाई कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसका आईस्क्रीम से भरा ठेला भी पलट दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी प्रवीण सोलंकी ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# देवचरा में बिना मान्यता चल रहा स्कूल, शिकायत

**भमोरा, अमृत विचार :** कस्बा देवचरा निवासी सुनील मिश्रा ने एक स्कूल की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन पर बिना मान्यता कक्षा 1 से 12 तक छात्रों को पढ़ाने, टीसी न देने और नियमों के विपरीत स्कूल संचालन का आरोप लगाया है।

सुनील के अनुसार कस्बे में संचालित एक विद्यालय बिना मान्यता के संचालित हो रहा है। जब उन्होंने अपने बच्चों की टीसी विद्यालय प्रबंधक से मांगी तो देने से इंकार कर दिया गया। शिकायत पर नोडल अधिकारी ने विद्यालय पहुंचकर जांच की। विद्यालय प्रबंधक मौके पर नहीं मिले। नोडल अधिकारी ने बताया कि प्रकरण की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी सतीश वर्मा ने बताया कि जांच में एक ही नाम से दो विद्यालयों के संचालन का मामला भी प्रकाश में आया है, जो प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितता है। इस संबंध में दोनों विद्यालयों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही बिना मान्यता विद्यालय संचालन के मामले में भी नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चौंकाने वाली बात यह है कि उक्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को क्षेत्र के अन्य विद्यालयों द्वारा जारी अंकपत्र दिए गए हैं। फिलहाल, अभी मामले में संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है।

- **टीसी न देने व एक ही नाम से दो विद्यालयों के चलने का आरोप**

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत

संवाददाता, गुलड़िया

**अमृत विचार :** थाना सिरौली क्षेत्र के ग्राम बड़गांव निवासी कुंवरपाल (28) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ससुराल में मारपीट से आहत होकर युवक ने जहर खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

22 अप्रैल को कुंवरपाल की साली की शादी थी, जिसमें उसकी पत्नी नीरज शामिल होने गई थी। 23 अप्रैल को कुंवरपाल ने फोन कर पत्नी को घर आने के लिए कहा, लेकिन उसने कुछ दिन बाद आने की बात कहकर मना कर दिया। इसके बाद कुंवरपाल उसी दिन ससुराल पत्नी को लेने पहुंच गया। आरोप है कि वहां ससुराल पक्ष के लोगों ने शराब पीने के बाद कुंवरपाल के साथ मारपीट की। उसने किसी तरह उसने घर फोन कर घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन उसे लेने ससुराल पहुंचे। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग कुंवरपाल को उसके गांव बड़गांव तक ले आए और यहां भी उसके साथ मारपीट की, फिर रात में चले गए। अगले दिन कुंवरपाल की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अलीगंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देखकर हाथ खड़े कर दिए। इसके बाद बदायूं के ढूंढीनगर में इलाज कराया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चार दिन बाद उसकी मौत हो गई।

मृतक के पिता मुंशीलाल ने बताया कि अस्पताल में भर्ती होने के दौरान ससुराल पक्ष को सूचना दी गई थी, लेकिन वे देखने तक नहीं आए। वहीं, मौत की खबर मिलने के बाद जब ससुराल पक्ष गांव पहुंचा तो वहां भी गाली-गलौज और विवाद हुआ। कुंवरपाल की शादी करीब 9 वर्ष पहले हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। बड़ागांव चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


घर के बाहर जुटी लोगों की भीड़।

- **ससुरालियों पर मारपीट का आरोप, अस्पताल में चल रहा था युवक का इलाज**

# घर में घुसकर किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

**देवरनियां, अमृत विचार :** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव जोतपुर मजरा आमखेड़ा निवासी राजपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 अप्रैल की शाम गांव के तोताराम, क्षतप्रीय, पवन और अनूप उसके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि इन सभी ने राजपाल, उसके भाई मुकेश, भाभी किरन और मां लक्ष्मी देवी के साथ मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# अवैध खनन पर विवाद, जान से मारने की धमकी

**भमोरा, अमृत विचार :** अवैध खनन का विरोध करने पर किसान को जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। ग्राम बल्लिया निवासी शिवराम सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के पास उनका तीन बीघा खेत है। पड़ोसी ने अपने खेत की मिट्टी खनन माफिया को बेच दी। 29 अप्रैल की रात करीब 12 बजे खनन माफिया ने जेसीबी से करीब 7 फुट गहरा गड्ढा कर दिया गया और उनके खेत की मेड़ काटते हुए मिट्टी उठा ली। विरोध करने पर खनन माफिया ने जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। मामले में थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

## न्यूज डायरी

### मेधावी शिक्षक, इंजीनियर व गृहणियों को सम्मानित किया

**रिठौरा, अमृत विचार :** भगवान गौतम बुद्ध के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पालि भाषा परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए। शुक्रवार को गौतम बुद्ध पार्क में आयोजित समारोह में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने अजय प्रसाद, प्रदीप कुमार गुप्ता, भूपेंद्र गंगवार और सूरज गंगवार के साथ मेधावी शिक्षकों, इंजीनियरों और गृहणियों को सम्मानित किया। परीक्षा में अलीनगर उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक धीर सिंह बौद्ध, सेवानिवृत्त शिक्षक नंदलाल और चंद्र प्रभा गौतम ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर टॉप किया। वहीं, लाड़पुर की शिक्षिका दीपा आर्या, इंजीनियर अमर सिंह और गृहणी शोभा चंद्रा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कंपोजिट विद्यालय चेना मुरारपुर के शिक्षक सुरजेश सागर ने 82 व उनके पुत्र सौरभ सागर ने 85 फीसदी अंक प्राप्त किए। प्रभारी सीडीपीओ बिथरी चैनपुर विमला कुमारी, जसवीर सिंह राणा, हरपाल सिंह, ओमकार, मेवाराम, ओमप्रकाश मौजूद रहे।



### श्रम दिवस पर चनेहटा में अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**कैंट, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शुक्रवार को शिविर का आयोजन ब्लॉक क्यारा के चनेहटा में हुआ। विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों ने गांव के श्रमिकों को उनके अधिकारों के बारे में बताया। महिला हेल्पलाइन 1090 व 9 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी बताया। शकील रजा, भुवनेश कुमार यादव, हरस्वरूप गंगवार आदि का सहयोग रहा।



### गिलहरी के बच्चों को मिला दुलार

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गिलहरी के बच्चे से दुलार और फिर उसको फीडर से दूध पिलाने वाली इंदु केसर मिल के सीनियर मैनेजर (एकाउंट्स) अमित मिश्रा की पत्नी हैं। वन्य जीवों से इस दंपत्ति को खासा प्यार है। हुआ यूं कि उनके घर में लगे एसी में एक गिलहरी ने अपना ठिकाना बना लिया था। दो रोज पहले अमित ने एसी ऑन किया, तो एक आवाज आई, और गिलहरी का एक कटा पंजा बाहर आकर गिरा। एसी बंद कर उन्होंने तलाश किया। घायल गिलहरी तो उन्हें नहीं मिली, लेकिन उसके दो बच्चे उन्हें दिखाई दिए। इन बच्चों को देखकर उनका मन करुणा से भर गया। दोनों बच्चों को बाहर निकाला और उनके रहने का ठिकाना बनाया। इंदु घर पर थीं नहीं, तो उनको फोन लगा दिया। इंदु भी अमित की मनोदशा से इतनी द्रवित हो गईं कि रात को ही टैक्सी लेकर दिल्ली से बहेड़ी आ गईं। साथ में वह गिलहरी के बच्चों के लिए दूध और फीडर भी साथ लाईं। इंदु की देखभाल से गिलहरी के दोनों बच्चे ठीक हैं। यह वाकया मिल के सीईओ ने शेयर किया। दम्पत्ति के वन्य जीव के प्रति इस प्यार को सलाम...!



### केसर के सीएफओ भी बने शरत मिश्रा

**बहेड़ी, अमृत विचार :** केसर इंटरप्राइजेज के सीईओ शरत मिश्रा अब सीएफओ (चीफ फाइनेंस ऑफिसर) भी होंगे। केसर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की सहमति के बाद केसर के सीएमडी हर्ष आर किलाचंद ने यह आदेश जारी किया। केसर के करीब 90 साल के इतिहास में यह पहला मौका है, जब किसी अधिकारी को सीईओ और सीएफओ दोनों पद मिले हों। शरत मिश्रा पहले वह अधिकारी हैं, जिनको सीईओ का पद मिला है। शरत मिश्रा ने केसर को एक ट्रेनी के रूप में ज्वाइन किया था, और एक के बाद एक तरक्की के पायदान चढ़ते हुए कम्पनी के सर्वोच्च अधिकारी के पद पर पहुंच गए।



# भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव मनाया

**रिठौरा, अमृत विचार :** ग्राम चावड़ स्थित गुरू अशोक मित्र बौद्ध विहार में शुक्रवार को भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव मनाया गया। मुख्य वक्ता प्रदीप कुमार गुप्ता रहे। जसवीर सिंह राणा, वंदना सिंह, विधि सिंह, प्रज्ञा सिंह, पारी गौतम व अन्य मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र अवधेश कुमार व उसकी पत्नी सुमन तथा इनके बच्चे रवि और प्रिया को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा इनसे कोई वास्ता नहीं होगा। **श्यामपति पत्नी स्व. श्री प्रेम निवासी मोहल्ला शाहपुरा कोठी थाना कोतवाली सदर जिला लखीमपुर खीरी।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र तरुण उर्फ रोहित उसकी पत्नी सरस्वती देवी (पुत्रवधु) के गलत आचरण के चलते उनसे संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। **गीता कुमारी पत्नी परशुराम मो. गुलशन नगर कस्बा नवाबगंज बरेली**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र रिंकू गंगवार के गलत संगत में पड़ जाने की वजह से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होगा। **रिंकू गंगवार पुत्र भागीरथ ग्राम माधौपुर तहसील बहेड़ी बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :- बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ... नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार एमबीबीएस (एमयू), डी. आर्थो (एमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आंचल अग्रवाल एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई) फीजिशियन
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्टर एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीबी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

## न्यूज ब्रीफ

### डिवाइडर से टकराई बाइक, दो लोग घायल

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर बल्लिया ओवर ब्रिज पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद बाइक सवार दो लोग गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से बरेली के निजी अस्पताल में भेजा। जहां एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। शुक्रवार को रामपुर की कोतवाली मिलक निवासी रामजी सक्सेना और उनके दोस्त शांता लाल बाइक से बरेली जा रहे थे। बल्लिया ओवर ब्रिज पर अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों लोग घायल हो गए। बाइक रामजी सक्सेना चला रहे थे।

### चौकी इंचार्ज पर लगाए आरोप, शिकायत

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** दुकानदार ने एक चौकी इंचार्ज पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। रजऊ परसपुर निवासी सुनील राजपूत ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपने खेत में बने मकान के पास ठेला लगाता है। कुछ दिन पहले घर के सामने रोड पर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। झगड़ा उसके सामने नहीं हुआ था। आरोप है चौकी इंचार्ज उनपर झूठी गवाही देने का दबाव बना रहे थे। जब गवाही नहीं दी तब वह नाराज हो गए। आरोप है कि उन्होंने बुधवार को वहां आकर ठेले का सामान फेंक दिया और ठेला पलट दिया। उस समय ठेले पर उसके पिता थे। दुकानदार ने चौकी इंचार्ज पर फर्जी मुकदमा लिखकर जेल भेजने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

### समाधान दिवस आज, पहुंचेंगे डीएम व एसएसपी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पहुंचेंगे। इसको लेकर तहसील प्रशासन की ओर से तैयारियां चाक चौबंद कर ली गई हैं, ताकि आने वाले फरियादियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बड़ी संख्या में फरियादियों के पहुंचने की भी संभावना है।

### झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** करंट लगने से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव अम्बरपुर के मुन्नालाल के बेटे रंजीत (22) ने शुक्रवार को घर पर कपड़े धोकर तार पर सूखने डाले। इस दौरान बिजली का करंट लगने से वह झुलस गया। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की 1 वर्ष पहले शादी हुई थी। मृतक की पत्नी खुशबू व मां माया देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाप्रभारी वेद सिंह ने गांव पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**बरेली/हाफिजगंज :** उपनिरीक्षक सतेंद्र कुमार के अनुसार, 30 अप्रैल को पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान ग्राम लाडपुर उस्मानपुर नहर पुलिया के पास युवक संदिग्ध हालत में खड़ा दिखाई दिया। टीम ने उसे रोककर तलाशी ली। युवक के पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम असलम जावेद पुत्र सिराज अहमद निवासी मोहल्ला ठाकुरद्वारा कस्बा सेंथल बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## जाम में एंबुलेंस समेत दर्जनों वाहन फंसे



कस्बा फतेहगंज पूर्वी में दातागंज को जाने वाले मार्ग पर बिलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण के चलते शुक्रवार को जाम लग गया। काफी देर तक एंबुलेंस समेत दर्जनों वाहन फंसे रहे। लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। दरअसल, ओवरब्रिज निर्माण के चलते आए दिन क्रासिंग पर जाम के हालात बने रहे हैं। वाहन चालकों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस रेलवे क्रॉसिंग पर तैनात की जाए तो जाम की समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है। ● अमृत विचार

# बुद्ध पूर्णिमा : रामगंगा घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** बुद्ध पूर्णिमा पर गोरा लोकनाथपुर और कपूरपुर रामगंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शुक्रवार तड़के से ही हजारों की संख्या में लोगों ने रामगंगा में आस्था की डुबकी लगाई और पुण्य लाभ अर्जित किया।

रामगंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। स्नान के बाद लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरित किया। घाटों के किनारे पूजा सामग्री की दुकानें सजी थीं, जहां बच्चों ने मेलों और झूलों का आनंद लिया। कई परिवारों ने बच्चों के मुंडन और अन्य धार्मिक संस्कार भी संपन्न कराए। जिला प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। मुख्य स्थानों पर गोताखोर तैनात किए गए थे। ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। श्रद्धालुओं से गहरे पानी में न जाने की अपील की।



रामगंगा घाट पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

**सिरौली, अमृत विचार :** बुद्ध पूर्णिमा पर सिरौली, अंजनी और शिवपुरी स्थित रामगंगा घाटों पर तड़के से ही हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई और सुख-समृद्धि की कामना की। शुक्रवार तड़के ही आसपास के सैकड़ों गांवों से श्रद्धालुओं का रेला घाटों की ओर उमड़ पड़ा। लोग परिवार के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों ई-रिक्शा, बैलगाड़ियों और निजी वाहनों से रामगंगा तट पर पहुंचे।

# कैंट में बालिका वधू बनने से रोका, परिजनों का हंगामा

संवाददाता, कैंट

- चाइल्ड हेल्पलाइन टीम पुलिस के साथ गांव पहुंची
- किशोरी की बरात आने से पहले शादी रुकवाई

**अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी की शादी बरात आने से पहले चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने पुलिस की मदद से रुकवा दी। इस दौरान किशोरी के परिजनों और रिश्तेदारों ने जमकर हंगामा किया। हालांकि, पुलिस के आगे उनकी एक न चली। दस्तावेजों के अनुसार किशोरी की उम्र 16 वर्ष 5 माह 22 दिन है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की की शादी शुक्रवार को एक शादी हॉल में कराई जा रही थी। शादी की तैयारी पूरी हो चुकी थी। बरात हरियाणा के बहादुरगढ़ क्षेत्र से आ रही थी। पुलिस व चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम पहुंचने पर लड़की के परिजनों ने फोन करके बरात को आने से रुकवा दिया। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किशोरी की शादी की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन लखनऊ को दी गई थी। दोपहर करीब 2:30 बजे चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम व पुलिस मौके पर पहुंची। लड़की के जब दस्तावेज चेक किए गए तो उसमें वह नाबालिग पाई गई। इस दौरान लड़की के परिजनों व रिश्तेदारों ने हंगामा किया। मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। किशोरी को चाइल्ड हेल्पलाइन टीम साथ में ले गई। जिसे चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष पेश किया जाएगा। इंस्पेक्टर संजय कुमार धीर ने बताया कि किसी प्रकार का कोई शिकायती प्रार्थना पत्र नहीं मिला है। यदि मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

### शादी में हंगामा, बिना दुल्हन लौटी बरात

**मीरगंज, अमृत विचार :** गांव बहरौली में गुरुवार रात शादी के दौरान दुल्हन और दूल्हा पक्ष में हंगामा हो गया। बिना दुल्हन के बरात लौट गई। पुलिस ने दूल्हे को हिरासत में ले लिया। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच समझौता होने पर दूल्हे को छोड़ दिया गया। आरोप है कि लड़का पक्ष की ओर से जाति छिपाकर शादी की जा रही थी। बरात के गांव पहुंचने से पहले एक फोटोग्राफर ने छानबीन की तो यह बात सामने आई। इससे लड़की पक्ष में नाराजगी फैल गई। जैसे ही बरात गांव में दाखिल हुई, विरोध शुरू हो गया। दूल्हे व बरातियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। नौबत मारपीट आ गई। कई बराती चले गए। घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी डायल 112 मौके पर पहुंची और दूल्हे को हिरासत में ले लिया। बाद में दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए मामला सुलझा लिया गया। समझौता होने के बाद दूल्हे को छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि सूचना डायल 112 को मिली थी। फिलहाल इस मामले में लड़की पक्ष की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है।

### टेट पर पुनर्विचार के फैसले से शिक्षकों को मिली राहत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) को लेकर शिक्षकों को कुछ राहत हुई है। सुप्रीम कोर्ट टेट की अनिवार्यता वाले आदेश पर पुनर्विचार करने को राजी हो गया है। इससे शिक्षकों को राहत मिली है। रिव्यू पीटिशन पर 13 मई को सुनवाई होगी। टेट की अनिवार्यता यूपी में 2011 में लागू हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर 2025 को सभी शिक्षकों के लिए टेट अनिवार्य कर दिया था। दरअसल इस आदेश के चलते उन टीचर्स को भी टेट पास करना जरूरी कर दिया था, जो टेट कानून बनने से पहले सेवा में थे, जो टीचर टेट नहीं हैं, उनको दो साल में टेट अनिवार्य कर दिया गया था। प्रदेश सरकार इस फैसले पर पुनर्विचार के लिए सुप्रीम कोर्ट गई। तमाम शिक्षक संगठनों ने पुनर्विचार याचिकाएं दायर कीं। अब 29 अप्रैल को कोर्ट ने पुनर्विचार याचिका स्वीकार कर ली। कोर्ट ने 13 मई को इस पर सुनवाई की तारीख दी है। वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा कि टीचर्स के लिए यह राहत भरी खबर है कि कोर्ट इस मामले में पुनर्विचार के लिए राजी हो गया है।

# रेलवे की जमीन पर खोलें गेमिंग जोन, मैरेज हॉल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- रेलवे राजस्व और रोजगार बढ़ाने के लिए लीज पर देगा जमीन

**अमृत विचार :** रेलवे विभाग की कई वर्षों से खाली पड़ी करोड़ों की जमीन अब विभाग के लिए ही न बल्कि व्यापारियों के लिए भी सुनहरा अवसर लेकर आने वाली है। रेलवे अपनी खाली पड़ी जमीनों को राजस्व और रोजगार का बड़ा जरिया बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। नई योजना के तहत रेलवे पूरे मंडल में उपलब्ध अपनी जमीनों को निजी निवेशकों और उद्यमियों को बेहद कम दरों पर लीज पर देगा।

आवेदक अपनी जरूरत और बाजार की मांग के अनुसार अलग-अलग तरह के व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। इनमें गेमिंग जोन, मैरेज हॉल, ब्रांडेड आउटलेट, रेस्टोरेंट और अन्य कमर्शियल गतिविधियां शामिल हैं। रेलवे स्टेशन के अंदर और बाहर की जमीनों का भी उपयोग किया जा सकेगा। आवेदक आईआरटीपीएस वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जमीन आवंटन टेंडर प्रक्रिया के जरिए किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। बरेली में चौपुला और सिटी क्षेत्रों के साथ पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के मॉडल टाउन, शहदाना, जनकपुरी और कुदेशिया जैसे इलाकों में कई हेक्टेयर जमीन खाली पड़ी है, जहां निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने कहा कि रेलवे की खाली पड़ी जमीनों को व्यापार के लिए निवेशकों और उद्यमियों को लंबे समय के लिए लीज पर दिया जाएगा। छोटे और मध्यम उद्यमियों को भी कारोबार शुरू करने का सुनहरा अवसर मिलेगा और विभाग को राजस्व प्राप्त होगा।

### कंबाइन स्वामी ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सड़क हादसे के एक मामले में कंबाइन स्वामी ने खुद को बेगुनाह बताते हुए एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि जिस समय दुर्घटना हुई, उनकी कंबाइन गांव में खेत पर गेहूं की कटाई कर रही थी, बावजूद केवल वाहन संख्या के आधार पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया। घटना 19 अप्रैल की शाम सेंथल-जादोपुर मार्ग की है, जहां बाइक सवार सिद्धार्थ गंगवार और उनके साथी रिंकू निवासी अटंगा योगी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बाद में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मामले में 27 अप्रैल को एक कंबाइन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। कंबाइन स्वामी बुंदन निवासी दियोरिया जागीर का आरोप है कि हादसे के समय उनकी कंबाइन गांव में सलीम और अहमद सेन के खेत में गेहूं की कटाई कर रही थी। बताया कि बहेड़ी के एक अन्य ग्रामीण की कंबाइन उसी दिन गांव में आई थी और वही सड़क से गुजरी थी।

### घर में आग लगाने का आरोप लगाया

**बहेड़ी, अमृत विचार :** गांव ग्वारी के महेन्द्र पाल ने एक शख्स पर साथियों के साथ घर में आग लगा देने का आरोप लगाया है। इसी गांव के एक चिकित्सक मयंक गंगवार ने भी इसी शख्स पर रास्ता रोककर गाली गलौच करने और रंगदारी के तौर पर हर महीने पैसा देने की मांग करने का आरोप लगाया है।

महेन्द्र पाल ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव बरा के एक युवक ने साथियों के साथ रात 12 बजे करीब घर में पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। घर में रखा सामान और अनाज जल गया। आग से दो मोटरसाइकिल भी जल गईं। वहीं, दूसरी तरफ डॉ. मयंक ने भी इसी युवक पर साथियों के साथ उसे गांव में घेरने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि वह उससे रंगदारी मांगता है और न देने पर उसने गांव में उसको घेर कर गाली गलौच की।

# फोन पर बात करने के बाद युवक ने खुद को मारी गोली

संवाददाता, कांठ

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में भाई के मोबाइल फोन पर आखिरी फोन करके एक युवक ने 12 बोर के तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। थाना पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक जीशान।

थाना कांठ के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा निवासी जीशान पुत्र निजामुद्दीन उम्र 25 वर्ष ने शुक्रवार को 2:00 बजे के करीब अपने भाई अजीम को फोन किया और इसके बाद गांव के ही नसीम के आम के बाग ने 12 बोर के तमंचे से गले में बाई तरफ गोली मारकर आत्महत्या कर ली, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाग मालिक एवं अन्य लोगों ने घटना की जानकारी मृतक के भाई एवं थाना कांठ पुलिस को दी। सूचना मिलते ही उसके परिजन और थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आत्महत्या का कारण जानने के लिए उसके भाई एवं अन्य लोगों से जानकारी ली। इसके बाद जिला स्तरीय अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी शुभम पटेल घटनास्थल पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल के आसपास के मिट्टी के नमूने लिए और सभी बिंदुओं पर जांच की है। घटनास्थल के पास 12 बोर का तमंचा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

### युवती से मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक युवती ने दो लोगों पर मारपीट, छेड़छाड़ और जबरन घर ले जाने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि 29 अप्रैल को सुबह करीब साढ़े दस बजे स्कूल से लौटते समय रास्ते में आरोपी दारा अली और गुलहसन ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और मारपीट करते हुए जबरन अपने घर ले गए। पीड़िता के अनुसार, वहां उसे कमरे में बंद कर दिया गया और उसके साथ अभद्रता व छेड़छाड़ की गई। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने उसे धमकाया और अवैध गतिविधियों में शामिल करने का दबाव बनाया। पीड़िता ने उससे जान का खतरा बताया है और आरोपी पहले भी उसे धमका चुके हैं। इस संबंध में उसने पूर्व में भी शिकायत दी थी।

## न्यूज डायरी

### शांति व सद्भाव का दिया संदेश



**नवाबगंज, अमृत विचार :** बुद्ध पूर्णिमा पर डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क विकास समिति की ओर से डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें शांति व सद्भाव का दिया संदेश गया। मुख्य अतिथि इंजीनियर एस.डी. भास्कर ने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा, "मन ही सब कुछ है, जैसा हम सोचते हैं वैसा ही बन जाते हैं। हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए। समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा का पर्व हमें भगवान बुद्ध के शांतिपूर्ण, करुणामय और ज्ञानमय मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। महासचिव एवं कार्यक्रम संचालक कुंवर सेन ने भी विचार रखे। हरस्वरूप गौतम, रामकरन लाल, झाजन लाल, जमुना प्रसाद, जगदीश प्रसाद, भूदेव सिंह, रामविलास, अखिलेश, शांति स्वरूप, नवनीत सागर, चंपा देवी, हरीश कुमार, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम ने हल्दी खुर्द में गोशाला का किया निरीक्षण



**मीरगंज, अमृत विचार :** विकास खण्ड के ग्राम हल्दी खुर्द स्थित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का एसडीएम आलोक कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान पशुओं के लिए हरा चारा-पानी और साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई। आश्रय स्थल पर कुल 50 गोवंश थे। किसी भी पशु के बीमार होने की जानकारी नहीं मिली। एसडीएम ने मौके पर उपलब्ध संसाधनों की भी जांच की, जिसमें लगभग 50 कुंतल भूसा पाया गया। पशुओं के लिए पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित मिली। मौके पर केयरटेकर राजकुमार और सहायक केयरटेकर सलीम हुसैन उपस्थित थे, जिनसे एसडीएम ने व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। एसडीएम ने हरे चारे की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोवंशों के पोषण और देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### समाजसेवी अलका सिंह को सम्मानित किया



**आंवला, अमृत विचार :** समाजसेवी अलका सिंह आंवला भ्रमण पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त अध्यापक जय गोविन्द सिंह के निवास पर पहुंचीं। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभाके पदाधिकारीयों में जय गोविंद सिंह, जुगेंद्र पाल सिंह, मोहन सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, गुड्डू फौजी, विपिन कुमार सिंह चौहान, प्रवीन कुमार सिंह एडवोकेट आदि ने अलका सिंह को सम्मानित किया।

### आंधी से लाइन में फाल्ट, दिन भर ठप रही बिजली

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** गुरुवार रात तेज आंधी और बारिश के चलते शुक्रवार को पूरे दिन कस्बा समेत गांवों की आपूर्ति व्यवस्था ठप रही। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दरअसल, आंधी के कारण फरीदपुर से आने वाली 33 केवी लाइन में फाल्ट आ गया। इससे विद्युत व्यवस्था बेपटरी हो गई। शुक्रवार को पूरे दिन लाइन दुरुस्त नहीं हो पाई। लोग विद्युत संकट से जूझते रहे। पेयजल समस्या बनी रही। देर शाम आपूर्ति सुचारू होने पर लोगों को राहत मिली।

## मुश्किल — तीन साल के बाद भी ओवरहेड टैंक का निर्माण अधूरा

# बैरमनगर गांव में घर-घर पानी पहुंचाने की आस अधूरी

संवाददाता, शेरगढ़

**अमृत विचार :** हर घर नल, हर घर जल योजना के तहत गांव बैरमनगर में करीब तीन साल बाद भी ओवरहेड टैंक का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। विभागीय अनदेखी के चलते घरों में टंकी का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 70 फीसदी घरों में पाइप व तमाम घरों में टोटियां लगा दी गईं हैं, लेकिन पानी की आस अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के दावे कागजों में दम तोड़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को नहीं है। ग्रामीण अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं मगर जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।



गांव बैरमनगर में अधर में लटका ओवरहेड टैंक का निर्माण। ● अमृत विचार



ओवरहेड टैंक के पास में बह रही किच्छा नदी। ● अमृत विचार

- किच्छा नदी में बाढ़ आई तो टैंक तक पहुंच जाएगा पानी

तीन सालों से ग्रामीणों को टोटियों में पानी आने का इंतजार है। वर्ष 2023 में ओवरहेड टैंक के निर्माण की शुरुआत हुई थी तो नदी का किनारा 500 मीटर दूर था मगर अब 20 मीटर रह गया है। अगर बरसात में किच्छा नदी में बाढ़ आई तो पानी ओवरहेड टैंक तक पहुंच जाएगा। ग्राम प्रधान शमशुल खां ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया। ठेकेदार ने मरम्मत कार्य नहीं कराया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत की आबादी 20 हजार से अधिक है। मई महीने की शुरुआत हो चुकी है। अभी तक ओवरहेड टैंक का निर्माण अधर में लटका हुआ है। गांव के पंडित रमेश चंद शर्मा, हरीश कुमार गुप्ता, विजेंद्र श्रीवास्तव, सुरेश चंद्र रस्तोगी, नफीस खान, मोहम्मद हनीफ, उमेश गुप्ता, नरेश कुमार, लालता प्रसाद व पिंटू शर्मा आदि का कहना है कि ओवरहेड टैंक की दूरी नदी से मात्र 20 मीटर रह गई है। ऐसे में ओवरहेड टैंक को बचाने के लिए नदी के किनारे पिचिंग बनवाई जाए। शीघ्र ओवरहेड टैंक का निर्माण पूर्ण किया जाए।

> कार्यदाई संस्था के अधिकारियों और कर्मचारियों से इस संबंध में बात की जाएगी। ओवरहेड टैंक का निर्माण पूर्ण क्यों नहीं हुआ है। इसकी भी जांच कराई जाएगी।
> –आलोक कुमार, एसडीएम मीरगंज

# डीआईओएस कार्यालय के फर्जीवाड़े में मुख्य आरोपी की पत्नियों समेत 7 गिरफ्तार

## बाबूगिरी करने वाले चपरासी ने संबंधित के खातों में भिजवाई थी 8.15 करोड़ की धनराशि

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी महिलाएं। ● अमृत विचार

**करोड़ों का घोटाला**

**● एएसपी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी, इल्हाम की दो और पत्नियां रहीं शामिल**

**अमृत विचार :** जिम्मेदारों की शह पर डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरी करने वाले बीसलपुर जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज के चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी द्वारा किए गए करोड़ों के घोटाले में सात और गिरफ्तारी की गई है। इसमें इल्हाम की दो और पत्नियां शामिल रहीं। इनके खातों में करीब 8.15 करोड़ रुपये की धनराशि फर्जीवाड़ा करके ट्रेजरी से पहुंची थी। एएसपी ने प्रेसवार्ता कर खुलासा किया। पुलिस की टीमें अभी पकड़ी गई महिला आरोपियों से पड़ताल कर अन्य क्लू जुटाने में लगी हैं।

बता दें कि बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज का चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी करीब सात साल से विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में नियम विरुद्ध तरीके से अटैचमेंट के नाम पर डीआईओएस कार्यालय में बाबूगिरी कर महत्वपूर्ण पटलों पर काम देखता रहा। उसके द्वारा फर्जीबाड़ा करते हुए शिक्षकों के वेतन मद से करोड़ों की धनराशि का गबन किया गया था। इस मामले की पकड़ होने के बाद जांच हुई और फिर टालमटोल के बाद 13 फरवरी को डीआईओएस राजीव कुमार की ओर से इल्हाम उर्रहमान शम्सी और उसकी पत्नी अर्शी खातून के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अर्शी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जोकि जमानत पर है। वहीं, इल्हाम को हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई थी। पुलिस की टीमें विवेचना कर रही है। इस दौरान 53 बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन पकड़ा और 5.50 करोड़ रुपये की धनराशि फ्रीज करा दी गई थी। इसी क्रम में कार्रवाई को गति दी गई। पुलिस ने इस मामले में सात महिलाओं की गिरफ्तारी की है। जिसमें जनपद संभल के थाना रामसत्ती क्षेत्र के मोहल्ला जगत की निवासी लुबना नवी पत्नी इल्हाम उर्रहमान शम्सी, फातिमा नवी पुत्री नूर नवी, बिजनौर के मोहल्ल्ला काजीपारा निवासी परवीन खातून पत्नी मोहम्मद अजीम, गाजियाबाद के पार्श्वनाथ पैराडाइज मोहन नगर निवासी आशकारा परवीन पत्नी जफर महमूद, अलीगढ़ के मोहल्ला जमालपुर निवासी अजारा खान पत्नी इल्हाम उर्रहमान शम्सी, बुलंदशहर के मोहल्ला खावेजज्ञान जामुन वाली गली की निवासी नाहिद पत्नी इरशाद और आफिया खान पत्नी शान मोहम्मद शामिल रही। एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने शुक्रवार शाम पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता कर पुलिस कार्रवाई की जानकारी दी। पुलिस टीम को 25 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की घोषणा भी की गई। टीम में इंस्पेक्टर सतीश कुमार, दरोगा मनवीर सिंह, प्रकाश चंद्र शर्मा, सौरभ कुमार, नरेंद्र कुमार, भाविका सिंह, गरिमा, हेड कांस्टेबल प्रयाशी यादव, ज्योति गौड़, कांस्टेबल अंजलि निर्वाल, आरजू, शिखा, जयप्रभा आदि थे।

> सरकारी धनराशि के गबन के मामले की विवेचना चल रही है। इसमें मुख्य आरोपी की दो और पत्नियों समेत सात महिलाओं की गिरफ्तारी की गई है। इनके खाते में करीब 8.15 करोड़ की धनराशि पहुंची थी। अभी विस्तृत पूछताछ चल रही है। जो भी तथ्य आएंगे, उसी के आधार पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। **– विक्रम दहिया, एएसपी**

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तेंदुए के शरीर पर कई गंभीर चोटें, गर्दन की हड्डी टूटी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** बीसलपुर रजवाहा में तीन दिन पूर्व मृत मिले मादा तेंदुआ की मौत की गुत्थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अब और उलझ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुछ ऐसे चौकाने वाले खुलासे हुए हैं, जिससे उसकी मौत किसी हादसे या मारपीट की घटना की ओर से इशारा कर गई है। जिम्मेदार अभी भी इस मामले में टालमटोल कर पल्ला झाड़ने की कोशिश में लगे हुए हैं।

बीते 29 अप्रैल को बरखेड़ा क्षेत्र में बहने वाली बीसलपुर रजवाहा में एक मादा तेंदुआ का शव मिला था। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना के बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लिया था। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद उसी दिन रेंज परिसर में तीन सदस्यीय पैनल द्वारा तेंदुआ के शव का पोस्टमार्टम किया गया था। उस दौरान जिम्मेदारों ने तेंदुआ की मौत का कारण स्पष्ट न होने की बात कहते हुए बिसरा जांच के लिए आईवीआरआई बरेली भेजने की बात कही थी। हालांकि पहले ही दिन तेंदुआ की मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आई थी। उस दौरान तेंदुआ के शरीर में चोट आदि की बात से जिम्मेदार इनकार करते रहे थे।

## साइबर ठगों ने महिला से 8.67 लाख रुपये ठगे, रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार:** साइबर ठगों ने एक महिला से 8.67 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने टेलीग्राम ग्रुप के जरिए महिला को अपने जाल में फंसाया और टास्क के नाम पर अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिलासपुर क्षेत्र के गांव गदईयां नसीमगंज निवासी किरनदीप कौर द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि बीती 12 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे सोशल मीडिया के टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा था। वहां उन्हें आनलाइन काम के बदले अच्छे मुनाफे का आफर दिया गया। महिला जालसाजों की बातों में आ गई और काम शुरू कर दिया। शुरुआत में भरोसा जीतने के बाद ठगों ने उनसे निवेश और अन्य बहानों से पैसे मांगना शुरू किया। ठगों के दबाव में आकर किरनदीप कौर ने अपने बैंक खाते से 6.08 लाख रुपये और दूसरे खाते से 78,800 रुपये भेज दिए। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी मां के खाते से 80,000 रुपये और भाई के खाते से भी एक लाख रुपये ठगों द्वारा दी गई यूपीआई आईडी और बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए गए।

## बीसलपुर रजवाहा नहर में नहाते वक्त डूबकर दो दोस्तों की मौत


हादसे के बाद नहर के पास लगी भीड़। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बीसलपुर**


मृतक आशु।


मृतक विनीत सिंह।

**● बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में हुआ हादसा जेसीबी से निकलवाए शव**

**अमृत विचार :** नहर में नहाते वक्त दो दोस्त डूब गए। दोनों की मौत हो गई।

बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दुबे के रहने वाले 36 वर्षीय आशु उर्फ अंशु गौड़ पुत्र योगेश कुमार मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव थे। मोहल्ला के ही उनके दोस्त विनीत कुमार सिंह पुत्र राजबहादुर मोबाइल रिपेयरिंग व सॉफ्टवेयर की दुकान चलाते थे। शुक्रवार शाम को दोनों दोस्त नहाने के लिए ग्राम चौसरा के पास से गुजरी बीसलपुर रजवाहा नहर की तरफ गए थे। बताते हैं कि अचानक गहरे पानी में चले गए और खुद को संभालना चाहा लेकिन असफल रहे। दोनों नहर में डूब गए। आसपास मौजूद लोगों के शोर मचाने पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला, तहसीलदार हबीबउर्रहमान भी टीम के साथ पहुंच गए।

**घर में मचा कोहराम**

दोनों घर से हंसी खुशी निकले थे। परिवार वाले उनकी वापसी को लेकर निश्चिंत थे। बताते हैं कि गांव के लोगों ने जब नहर के पास बाइक खड़ी देखी और उस पर कपड़े भी रखे हुए थे। इस पर उनको किसी के डूबने की आशंका और बढ़ गई थी। इधर, जैसे ही परिवार तक दोनों के डूबने की खबर पहुंची तो कोहराम मच गया। परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए।

## जातिसूचक टिप्पणी के विरोध में उतरे भाजपा सांसद

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**● महिला पर दुर्व्यवहार का आरोप**

**अमृत विचार:** शाहजहांपुर से भाजपा सांसद अरुण कुमार सागर ने एक महिला पर अपने बेटे के खिलाफ जातिसूचक टिप्पणी करने और दुर्व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान सांसद ने बताया कि यह घटना 27 अप्रैल की है, जब उनके बड़े बेटे अंकित सागर को साउथ सिटी कॉलोनी निवासी एक महिला ने सार्वजनिक रूप से अपमानित किया।अनुसूचित जाति (SC) समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सांसद ने स्पष्ट किया कि मामला किसी भूमि विवाद से नहीं जुड़ा है, जैसा कि सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेताओं पर क्षत्रिय समुदाय को गुमराह करने का भी आरोप लगाया। सांसद ने अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इस पर उन्होंने कहा, "जब तक संबंधित महिला की गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक मैं लिखित शिकायत नहीं दूंगा।इस मामले के बीच, पुलिस ने महिला के भाई मुकेश सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक (SP) सौरभ दीक्षित के अनुसार, मुकेश को जातिसूचक टिप्पणी के मामले में नहीं, बल्कि शस्त्र अधिनियम के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है। वह एक वायरल वीडियो में अवैध हथियार चलाते हुए दिखा था। आरोपी महिला भी इसी मामले में नामजद है और फिलहाल फरार है। पुलिस का कहना है कि सांसद की ओर से लिखित शिकायत मिलते ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हादसे में छह साल की बच्ची की मौत

**मुरादाबाद,अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के रामपुर दोराहा जीरो प्वाइंट पर सड़क हादसे में छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि दंपती समेत तीन लोग घायल हो गए। हादसे से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और मृत बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा। शुक्रवार को संभल जिले के थाना हजरत नगर गढ़ी के गांव मनिहारों वाली मिलक निवासी अजमत अपनी पत्नी मरजीना बेटी जिया और अदीबा के साथ बाइक से मुरादाबाद आया था। गांव गोट में मामा के बेटे की शादी समारोह में शामिल होकर वापस जा रहा था। रामपुर दोराहा के जीरो प्वाइंट पर पहुंचा ही था कि पीछे आ रहे ट्रक ने अजमत की बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर बैठी छह वर्षीय बेटी जिया खान की मौके पर मौत हो गई।

## सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**● सड़क पार करते समय हुआ हादसा**

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क पार करते समय महिला समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे कटरा और निगोही क्षेत्र में हुए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव बाजपुर कुमरखा निवासी 45 वर्षीय फकीरे लाल गुरुवार रात में नौ बजे फीलनगर गांव में रामलाल की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। हाइवे पर बस से उतकर सड़क पार करते समय जलालाबाद की ओर से आ रही बस ने उनको टक्कर मार दी। हादसे में फकीरे लाल घायल हो गए। चालक बस लेकर भाग गया। परिवार वाले घायल को सीएचसी पर ले गए और घायल को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इधर, निगोही थाना क्षेत्र के गांव उदयभानपुर कटैया निवासी 55 वर्षीय फरमाइशा बेगम शाम को कहीं जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। अचानक बाइक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया था। घायल को सीएचसी पर ले गए। डॉक्टर ने घायल को बरेली के लिए रेफर कर दिया। परिवार वाले उसे बरेली के एक अस्पताल में ले गए, जहां डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। निगोही थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वन निगम ने थारू-ट्री हट और बोटिंग का किराया घटाया

**पीलीभीत,अमृत विचार :** ज्वैल ऑफ तराई के नाम से मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के चूका बीच पर पर्यटन बढ़ाने के लिए वन निगम ने बड़ा कदम उठाया है। पर्यटकों की जेब पर पड़ रहे भारी बोझ को देखते हुए वन निगम ने हटों समेत बोटिंग की दरों में भारी कटौती की है। अब पर्यटक कम खर्च में थारू हट और ट्री हट का आनंद ले सकेंगे, साथ ही शारदा सागर डैम की लहरों पर मोटर बोट की सैर भी सस्ती कर दी गई है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के मिनी गोवा कहे जाने वाले इको टूरिज्म स्पाट चूका बीच पर बने थारू हट और ट्री हट का संचालन वन निगम द्वारा किया जाता है।

## दंपती का एक ही चिता पर हुआ अंतिम संस्कार

**संवाददाता, शाहजहांपुर/निगोही**

**अमृत विचार :** पुवायां में गुरुवार को हुए हादसे में दंपती और दो बच्चों की मौत के मामले में निगोही क्षेत्र में श्मशान घाट पर पत्नी-पत्नी का एक ही चिता पर अंतिम संस्कार हुआ। दोनों बच्चों को अलग-अलग दफनाया गया। घर की चौखट से एक चारों की अर्थी एक साथ उठी और लोगों के आंसू थम नहीं रहे थे।

निगोही थाना क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर बगिया निवासी अरुण कुमार की ससुराल में पुवायां के गांव सिरखिडी थी। वह अपनी पत्नी सीमा, बेटी दीक्षा और बेटे नैतिक को लेकर ससुराल शादी में गए थे। वह अपनी बड़ी बेटी प्रियांशी को अपने माता-पिता के पास छोड़कर बरात में गया था। गुरुवार को वह अपनी पत्नी और दोनों बच्चों के साथ पुवायां से निगोही बाइक से लौट रहा था। पुवायां क्षेत्र में भूड़ा मैनारी ओवरब्रिज के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे बाइक पर सवार चारों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने देर रात चारों का शवों का पोस्टमार्टम कराया।

## दूल्हे को जान से मारने की धमकी, नहीं आई बरात

**संवाददाता, मिलक**

**अमृत विचार:** शादी रुकवाने के लिए एक युवक ने दूल्हे को गोली से जान से मारने की धमकी दे डाली, जिसके बाद दूल्हा पक्ष के लोग बरात लेकर नहीं आए। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना शहजादनगर निवासी बलवीर सिंह ने थाना मिलक में तहरीर दी है। बलवीर ने तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी मिलक कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में तय की है। 1 मई 2026 को बरात आनी थी, आरोप है कि थाना शहजाद नगर के नदीम मिलक कोतवाली क्षेत्र के गांव पहुंचा और दूल्हे को धमकी दी। अगर बरात लेकर आओगे तो गोली मारकर हत्या कर दूंगा।

बलवीर सिंह का कहना है कि आरोपी ने दामाद के साथ गाली-गलौज की और जाति सूचक शब्द भी कहे। इसके बाद दूल्हा और उनके पक्ष के लोग बारात लेकर नहीं आए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी के द्वारा कराई जा रही है ।

## बरेली एसटीएफ ने एक लाख का इनामी दबोचा

**संभल, अमृत विचार:** संभल के बहुचर्चित पिता-पुत्र हत्याकांड में फरार चल रहे एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को बरेली एसटीएफ ने पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को स्थानीय पुलिस के सुपुर्द करने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। धनारी के भिरावटी गांव निवासी नरेश यादव और उनके बेटे भीमसेन 2 अप्रैल को थाना कैलादेवी क्षेत्र के गांव की साप्ताहिक बाजार से पिकअप लोडर बुक कर मेरठ जाने के बाद तीन बदमाशों ने उनकी हत्या कर दी थी। 7 अप्रैल को जनपद शामली के जंगल से दोनों के शव बरामद किए गए थे। पुलिस ने इससे पहले इस हत्याकांड के मास्टरमाइंड अरविंद समेत दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब फरार एक लाख के इनामी संतोष को एसटीएफ ने पंजाब से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। धनारी थाना पुलिस का कहना है कि संतोष निवासी गांव रझेड़ा सलेमपुर, थाना कैलादेवी की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। बरेली एसटीएफ की टीम ने उसे पंजाब के पठानकोट स्थित रघुनाथ कॉलोनी से गिरफ्तार किया।

### कसेरुआ में कब्रिस्तान व ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे का मामला

## सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कराने की तैयारी

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** जनपद संभल में थाना नखासा क्षेत्र के गांव कसेरुआ में कब्रिस्तान एवं ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे को हटाने के लिए अब प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है।

तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार दीपक कुमार जुरैल, कानूनगो एवं लेखपालों की संयुक्त टीम ने गांव कसेरुआ में सरकारी भूमि की पैमाइश कराई। प्रशासनिक टीम की ने अभिलेखों और वास्तविक स्थिति का मिलान करने के लिए पूरे क्षेत्र का सीमांकन किया। तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गांव कसेरुआ के कुछ ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कब्रिस्तान की भूमि सुरक्षित कराने की मांग की गई थी।

इसके बाद जब राजस्व अभिलेखों की जांच कराई गई तो यह स्पष्ट हुआ कि कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मस्जिद का निर्माण कर लिया गया है।

इसके बाद प्रशासन ने संबंधित पक्ष को नोटिस जारी किया। कसेरुआ गांव में राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज एक मस्जिद और तीन मकानों का निर्माण पाया गया था।

इसके अतिरिक्त खाद के गड्ढे के लिए आरक्षित भूमि के 600 वर्ग मीटर क्षेत्र में आठ मकान बने हैं। बड़ी बात यह कि प्रशासन ने जिस मस्जिद का निर्माण सरकारी जमीन पर होना पाया है, उसका सुन्नी वक्फ बोर्ड में इंद्राज भी कराया जा चुका है। इसी गांव में वृक्षारोपण के लिए 1001 वर्ग मीटर जमीन पर एक व्यक्ति द्वारा खेती की जा रही है। तहसीलदार ने बताया कि जमीन की पैमाइश और सीमांकन का कार्य किया गया है।

ग्राम समाज की भूमि पर जिन लोगों ने मकान या अन्य निर्माण कर रखे हैं, उन्हें भी सूचित कर दिया गया है। यदि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लेते हैं तो बेहतर होगा, अन्यथा उनके कार्रवाई की जाएगी।

**वक्फ बोर्ड में दर्ज हो चुका है मुकदमा**

कसेरुआ गांव में 1100 से 1200 वर्ग मीटर क्षेत्र में मस्जिद का निर्माण किया गया है, जिसे लेकर प्रशासन का कहना है कि यह मूलत : कब्रिस्तान की भूमि है। इसके अलावा मामले में यह भी सामने आया है कि वक्फ बोर्ड में इंद्राज के लिए कथित रूप से गलत साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। इसी के चलते हल्का लेखपाल खबर हुसैन द्वारा 18 जनवरी को थाना नखासा में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जाकिर हुसैन, तस्लीम, भूरे अली, शरफुद्दीन, दिल शरीफ, मोहबाद अली और नन्हे के खिलाफ बीएनएस की धारा 329(3) तथा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग**

**निविदा सूचना सं. 20/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से **"खुली"** निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. कार्य का विवरण:** सी.से.इंजी./कार्य/भोजीपुरा के अंतर्गत एन.एस.जी.–6 स्टेशनों (देवरनिया, पंतनगर 1 एवं 2 प्लेटफॉर्म) पर प्लेटफॉर्म को हाई लेवल तक उठाना।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹9,84,81,835.61; **बयाना राशि (₹में):** ₹19,69,700/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 08 माह। **क्र.सं. 2. कार्य का विवरण:** वमंइं/ मुख्यालय/ इज्जतनगर अनुभाग के अंतर्गत लेवल क्रॉसिंग को समाप्त करने के लिए लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर आर.ओ.बी./आर.यू.बी. के निर्माण हेतु फिजिबिलिटी स्टडी, सर्वे एवं डी.पी.आर. की तैयारी।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹3,52,12,799/-; **बयाना राशि (₹में):** ₹7,04,300/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 08 माह। **क्र.सं. 3. कार्य का विवरण: 1).** इज्जतनगर मंडल के एनएसजी–5 स्टेशनों पर प्लेटफार्म को हाई लेवल तक उठाना। **2).** इज्जतनगर मंडल के फर्रुखाबाद–कासगंज अनुभाग में एनएसजी–6 स्टेशनों (हरसिंगपुर गोबा–प्लेटफॉर्म 1 एवं 2, कम्पिल रोड–प्लेटफॉर्म 2) पर प्लेटफार्म को हाई लेवल तक उठाना। **3).** इज्जतनगर मंडल में फर्रुखाबाद स्टेशनों पर रेल लेवल प्लेटफॉर्म को हाई लेवल प्लेटफॉर्म तक विस्तारित करना।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹18,71,29,945.98; **बयाना राशि (₹में):** ₹37,42,600/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह। **क्र.सं. 4. कार्य का विवरण: 1).** कानपुर अनवरगंज–मथुरा अनुभाग (मंधाना जंक्शन, जसोदा एवं कमालगंज) में प्लेटफार्मों को मीडियम लेवल से हाई लेवल तक उठाना। **2).** इज्जतनगर मंडल के सी.से.ई./कार्य/कन्नौज के अंतर्गत एनएसजी–6 स्टेशनों (खुदागंज प्लेटफॉर्म नंबर 1 एवं 2, अरौल मकनपुर प्लेटफॉर्म नंबर 2) पर प्लेटफॉर्म को हाई लेवल तक उठाना।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹21,03,08,105.41; **बयाना राशि (₹ में):** ₹42,06,200/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह। **क्र.सं. 5. कार्य का विवरण: (1).** इज्जतनगर मंडल के कासगंज–मथुरा अनुभाग में एनएसजी–6 स्टेशनों (अगसौली– प्लेटफॉर्म 2, मारहरा–प्लेटफॉर्म 2 एवं रति का नगला–प्लेटफॉर्म 2) पर प्लेटफार्म को हाई लेवल तक उठाना। **(2).** इज्जतनगर मंडल के सी.से.ई./कार्य/कासगंज के अंतर्गत एनएसजी–6 स्टेशनों (कासगंज सिटी) पर प्लेटफॉर्म को हाई लेवल तक उठाना।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹16,78,12,855.74; **बयाना राशि (₹में):** ₹33,56,300/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह। **क्र.सं. 6. कार्य का विवरण:** कानपुर अनवरगंज–मथुरा अनुभाग में स्वीकृत ट्रैक नवीनीकरण कार्यों के अंतर्गत इन–सीटू ग्लूड ज्वॉइंट्स का प्रावधान। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹1,26,55,484.58; **बयाना राशि (₹में):** ₹2,53,200/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह। **क्र.सं. 7. कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समइं/पीलीभीत अनुभाग में एन.एस.जी.–6 स्टेशनों (शाहबाज नगर, नौरिया हुसैनपुर, मझोला पकड़िया, बनबसा) पर एफ.ओ.बी. में छत सहित रैंप का प्रावधान।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹7,39,00,005.06; **बयाना राशि (₹में):** ₹14,78,000/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह। **क्र.सं. 8. कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे में वमइं/I/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत इंटरलॉक्ड एलसी गेट नंबर 2 (पीलीभीत–नौरिया हुसैनपुर), 3 (पीलीभीत–नौरिया हुसैनपुर), 11 (नौरिया हुसैनपुर–मझोला पकड़िया), 12 (नौरिया हुसैनपुर–मझोला पकड़िया), 10 (गूलरभोज–बाजपुर), 34 (हेमपुर इस्माईल–बाजपुर), 41 (हेमपुर इस्माईल–काशीपुर) एवं 42 (हेमपुर इस्माईल–काशीपुर) (कुल = 08 नग) पर एस एंड टी सर्विस बिल्डिंग का निर्माण।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹1,50,74,229.89; **बयाना राशि (₹में):** ₹3,01,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह। **क्र.सं. 9. कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के वमइं/I/इज्जतनगर अनुभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाले (लालकुऑं, काशीपुर, खटीमा, वनबसा, मझोला पकड़िया, बाजपुर एवं पीपलसाना) स्टेशनों पर हाई लेवल प्लेटफार्म का विस्तार।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹9,54,75,974.81; **बयाना राशि (₹में):** ₹19,09,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 माह। **क्र.सं. 10. कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के वमइं/I/इज्जतनगर अनुभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाले एनएसजी के 6 स्टेशनों (बाजपुर, खटीमा, रामनगर, रोसनपुर एवं पीपलसाना) पर एफओबी में छत सहित रैंप का प्रावधान।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹9,23,03,759.34; **बयाना राशि (₹में):** ₹18,46,100/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह। **क्र.सं. 11. कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समइं/काशीपुर अनुभाग में समपारों को समाप्त करने के उद्देश्य से 56 एलसी के स्थान पर आर.ओ.बी./आर.यू.बी. के निर्माण हेतु फिजिबिलिटी स्टडी, सर्वेक्षण, जियो–टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन और डी.पी.आर. की तैयारी।; **अनुमानित लागत(₹ में):** ₹3,23,26,509.60; **बयाना राशि (₹में):** ₹6,46,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह। **1.** क्रम सं. 1 से 6 की ई–निविदा **दिनांक 25.05.2026 को 15:00 बजे** तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** क्रम सं. 7 से 11 की ई–निविदा **दिनांक 26.05.2026 को 15:00 बजे** तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। **3.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)

मुजाधि/डब्ल्यू–68 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**

**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक: 4077/141 सी0(ई0टेण्डर)–3/26–27 दिनांक: 25.04.2026

ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन–लाइन ई–निविदा दिनांक 04.05.2026 से दिनांक 09.05.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 09.05.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क + स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बण्डा पूरनपुर मार्ग से इन्दलपुर सम्पर्क मार्ग पर सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। (वित्तीय वर्ष–2025–26) | प्रा0ख0 लो0नि0 वि0, शाहजहाँपुर | 54.30 | 4.72 | 2725.00 | 02 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |

2–निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड,
लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

**UP-250764 दिनांक 01.05.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**

**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत**

पत्रांक–790/31ए दि0–24.04.2026

अल्प कालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत द्वारा लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत योग्य ठेकेदारों से प्रतिशत दरों पर बिड आमंत्रित की जाती है। बिड प्रस्तुत करते समय निविदा के आई0टी0बी0 में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बिड अपलोड करें।
2.

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु सहित) | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| सांसद निधि से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत | | | | | | | |
| 1 | पीलीभीत | विधानसभा सदर के अन्तर्गत ग्राम रम्पुरिया विकास खण्ड अमरिया में बारात घर/ सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य | 21.00 | 2.10 | 600+300+GST18% (Rs. 900+162= Rs. 1062.00) | 02 माह | A,B,C&D (Building Work) |
| 2 | पीलीभीत | विधानसभा बरखेड़ा के अन्तर्गत ग्राम भमौरा विकास खण्ड बरखेड़ा में बारात घर/ सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य | 21.00 | 2.10 | 600+300+GST18% (Rs. 900+162= Rs. 1062.00) | 02 माह | A,B,C&D (Building Work) |
| 3 | पीलीभीत | विधानसभा बरखेड़ा के अन्तर्गत विकास खण्ड मरौरी में ग्राम न्यूरिया खुर्द एवं खरगापुर के मध्य बारात घर/ सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य | 21.00 | 2.10 | 600+300+GST18% (Rs. 900+162= Rs. 1062.00) | 02 माह | A,B,C&D (Building Work) |
| 4 | पीलीभीत | विधानसभा पूरनपुर के अन्तर्गत ग्राम कढेरचौरा विकास खण्ड पूरनपुर में बारात घर/ सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य | 21.00 | 2.10 | 600+300+GST18% (Rs. 900+162= Rs. 1062.00) | 02 माह | A,B,C&D (Building Work) |
| अवासीय एवं अनावासीय भवनों की मरम्मत का कार्य | | | | | | | |
| 5 | पीलीभीत | आवासीय भवनों (पूल्ड आवास) की मरम्मत एवं रख–रखाव का कार्य। | 28.00 | 2.80 | 600+300+GST18% (Rs. 900+162= Rs. 1062.00) | 12 माह | A,B,C&D (Building Work) |
| 6 | पीलीभीत | अनावासीय भवनों (डाक बंगला/कार्यालय भवन) की मरम्मत एवं रख–रखाव का कार्य। | 07.50 | 0.80 | 600+225+GST18% (Rs. 825+149= Rs. 974.00) | 12 माह | A,B,C&D (Building Work) |

3. बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 04.05.2026 से दि0 12.05.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है, जिनकी तकनीकी बिड तद्दिनांक 12.05.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी।

**UP-250713 दिनांक 01.05.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**(राजेश चौधरी) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि, पीलीभीत।**

